# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 31 अक्टूबर 2025



GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:






Praveen Kumar Sharma

GK Search Engine

# Rajasthan Current Affairs

by GK Search Engine

GET IT ON Google Play

Download App

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

## Q. राजस्थान सरकार राज्य के कितने संभागीय मुख्यालयों पर घूमर महोत्सव का आयोजन करेगी?

(A) 5

**(B) 7**

(C) 4

(D) इनमें से कोई नही

- राजस्थान सरकार राज्य के सभी सात संभागीय मुख्यालयों पर घूमर महोत्सव का आयोजन करेगी।
- अधिकारियों ने बताया कि इन महोत्सवों में महिलाएं और 12 वर्ष से अधिक आयु की लड़कियां भाग ले सकेंगी।
- यह महोत्सव 19 नवंबर को अजमेर, भरतपुर, बीकानेर, जयपुर, जोधपुर, कोटा और उदयपुर में एक साथ आयोजित किया जाएगा।
- घूमर राजस्थान का पारंपरिक लोक नृत्य है, जो अपनी मनोहारी मुद्राओं के लिए प्रसिद्ध है।

Yesterday Revision

⭕. राजस्थान में 26 व 27 दिसंबर 2025 को कुरजां महोत्सव" का आयोजन किस जिले में किया जाएगा?-फलोदी

⭕. न्यायाधीश अरुण मोंगा किस हाईकोर्ट से ट्रांसफर होकर राजस्थान हाईकोर्ट आए हैं?- दिल्ली हाईकोर्ट

⭕. सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भारत में प्रथम राजस्थान की कुल स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता कितनी है?- 34,555 मेगावाट

⭕. राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले की मणिका विश्वकर्मा किस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी?- मिस यूनिवर्स 2025

⭕. राजस्थान डिजिफेस्ट-TIE ग्लोबल समिट" 4 से 6 जनवरी 2025 तक कहां आयोजित किया जाएगा?-जयपुर

01. विश्व का पहला 'गो-गोपाल कॉरिडोर' कहाँ बनाया जा रहा है?

(A) पुष्कर (अजमेर)

(B) नंदगांव (सिरोही)

(C) खाटूश्यामजी (सीकर)

(D) तीर्थराज मथुरा

**Important Facts:**

- नंदगांव में बनेगा विश्व का पहला गो-गोपाल कॉरिडोर
- सिरोही जिले के मनोरमा गोलोक अभिनव ब्रजमंडल अर्बुदरण्य नंदगांव में विश्व का पहला गो-गोपालन कॉरिडोर बनेगा।
- आधारशिला सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर ने रखी।
- कॉरिडोर का निर्माण आने वाले 1 हजार साल की परिकल्पना को देखते हुए करेंगे। निर्माण चार - साल में पूरा होगा।

02. युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से शुरू किए गए मेरा भारत अभियान' में राजस्थान की स्थिति क्या है?

(A) चौथा स्थान

(B) पांचवां स्थान

(C) आठवां स्थान

(D) दसवां स्थान

**Important Facts:**

- युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से 15-29 वर्ष की आयु के युवाओं के लिए दो साल पहले शुरू किए गए माय भारत अभियान से अब तक देश भर के दो करोड़ से ज्यादा युवा जुड़ चुके हैं।
- यहां ग्रामीण और शहरी युवा राष्ट्र निर्माण के अलग-अलग अवसरों के माध्यम से सीखने, सेवा करने और नेतृत्व करने के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं।
- मगर इसमें राजस्थान के युवा पिछड़े हुए हैं। वे आठवें नंबर पर है. प्रदेश से अब तक केवल 84,386 पंजीकरण हुए हैं। जबकि महाराष्ट्र 2.06 लाख, तमिलनाडु 2 लाख, मध्यप्रदेश 1.68 लाख, उत्तरप्रदेश 1.51 लाख और हरियाणा 1.12 लाख पर पहुंच गया है।
- मेरा भारत अभियान (MY Bharat campaign) · केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने मेरा भारत अभियान 22 दिसंबर, 2023 को लॉन्च किया।

## 03. हाल ही में राजस्थान का पहला वरिष्ठजन अटल क्लब का लोकार्पण कहां किया गया है?




(A) कोटा

(B) जयपुर

(C) उदयपुर

(D) जोधपुर

**Important Facts:**

- राजस्थान का पहला वरिष्ठजन अटल क्लब का लोकार्पण जयपुर में किया गया है-
- नगर निगम ग्रेटर जयपुर ने राजस्थान का पहला "अटल क्लब" समर्पित किया
- महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने वन विहार कॉलोनी मालवीय नगर में क्लब का लोकार्पण किया। यह प्रदेश का पहला ऐसा क्लब है, जो वरिष्ठों को समर्पित है।
- इसमें 60 वर्ष से अधिक उम्र वालों के लिए सभी प्रकार की सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। इसके अनुभव से समाज को एक नई दिशा मिलेगी। क्लब में वरिष्ठ जन मार्गदर्शन की भूमिका भी निभाएंगे।

04. राजस्थान में प्रस्तावित पुष्कर कॉरिडोर का विकास किस योजना के अंतर्गत किया जाएगा?

(A) अमृत योजना

(B) स्वदेश दर्शन योजना

(C) प्रधानमंत्री गती शक्ति योजना

(D) अटल मिशन योजना

**Important Facts:**

- राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने 30 अक्टूबर 2025 को कहा कि पुष्कर कॉरिडोर की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) पूरी हो चुकी है और इस पर जल्द ही कार्य शुरू किया जाएगा।
- प्रस्तावित पुष्कर कॉरिडोर का विकास केंद्र सरकार की स्वदेश दर्शन योजना के तहत किया जाएगा।
- इस परियोजना का उद्देश्य पुष्कर सरोवर में जल स्तर बनाए रखना और मार्ग के किनारे स्थित धार्मिक स्थलों का संरक्षण एवं उन्नयन करना है

**05. जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड को राजस्थान के कितने शहरों को 'स्मार्ट सिटी' बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है?**

(A) 4

(B) 5

(C) 6

(D) 7

GK SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

- जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड अब राजस्थान के 6 शहरों को 'स्मार्ट सिटी' बनाएगी।
- इसे मंडावा, खाटूश्यामजी, भिवाड़ी, अलवर, बीकानेर और भरतपुर शहर को स्मार्ट सिटी बनाने का जिम्मा मिला है।
- इन शहरों में नगरीय ढांचे में सुधार, स्वच्छता, सड़क, स्ट्रीट लाइटिंग, सीवरेज, पेयजल जैसे काम होंगे। वहीं, डिजिटल सेवाओं के क्षेत्र में व्यापक विकास कार्य किए जाएंगे। इस पर 330 करोड़ से अधिक रुपए खर्च होंगे।
- इन सभी शहरों में विकास कार्यों की निगरानी और योजना क्रियान्वयन का दायित्व जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड को प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंट (पीएमसी) के रूप में सौंपा गया है।

06. हाल ही में अजमेर के विश्व प्रसिद्ध पुष्कर मेले का शुभारंभ किस तिथि को किया गया?

(A) 29 अक्टूबर 2025

(B) 30 अक्टूबर 2025

(C) 27 अक्टूबर 2025

(D) 26 अक्टूबर 2025



GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- अजमेर का विश्व प्रसिद्ध पुष्कर मेला 30 अक्टूबर से शुरू हो गया। मेला मैदान में डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने ध्वजारोहण कर इसकी शुरुआत की
- अजमेर का प्रसिद्ध तीर्थ स्थल पुष्कर है। यहां पर कार्तिक पूर्णिमा को मेला लगता है, जिसमें बड़ी संख्या में देशी-विदेशी पर्यटक भी आते हैं
- मेला 30 अक्टूबर से 5 नवम्बर तक चलेगा, जिसमें हर दिन धार्मिक, सांस्कृतिक और पारंपरिक खेलकूद की गतिविधियाँ होंगी।
- यह मेला न केवल राजस्थान की संस्कृति का प्रतीक है, बल्कि विश्व भर के पर्यटकों के लिए भारतीय परंपरा, लोककला और अध्यात्म का जीवंत अनुभव भी प्रदान करता है।
- मेले का बजट 70 लाख से बढ़ाकर 1 करोड़ रुपये कर दिया गया है।

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**07. राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम)-2026 का आयोजन जयपुर में अगले वर्ष कब होगा?**

(A) 10 से 12 जनवरी 2026

(B) 20 से 22 जनवरी 2026

(C) 05 से 10 फरवरी 2026

(D) इनमें से कोई नही

GK SEARCH ENGINE

**Important Facts:**

- राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम),-2026 का आयोजन, 10 से 12 जनवरी तक जयपुर में किया जाएगा
- फिक्की के माध्यम से राज्य स्तरीय आयोजन होगा

ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (GRAM) 2026 का आयोजन 10 से 12 जनवरी, 2026 को जयपुर में सीतापुरा स्थित जेईसीसी में किया जाएगा.

- यह कार्यक्रम राज्य में कृषि क्षेत्र के आधुनिकीकरण और किसानों को तकनीकी जानकारी से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित किया जाएगा, जिसमें लगभग 70,000 किसान भाग लेने की उम्मीद है.

08. इस साल प्रथम प्रवासी राजस्थानी दिवस का आयोजन 10 दिसम्बर को  कहां किया जाएगा?

(A) जयपुर

(B) जोधपुर

(C) भरतपुर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास पर प्रवासी राजस्थानी दिवस के लोगो का अनावरण किया।
- मुख्यमंत्री ने गत वर्ष दिसम्बर में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के दौरान हर वर्ष 10 दिसम्बर को प्रवासी राजस्थानी दिवस मनाने की घोषणा की थी।
- इसी क्रम में इस साल प्रथम प्रवासी राजस्थानी दिवस का आयोजन जयपुर में 10 दिसम्बर को किया जाएगा।

09. एशिया पैसिफिक सिटीज़ समिट (2025 APCS) 2025 का आयोजन पहली बार किस स्थान पर किया गया है?

A. सिंगापुर

B. टोक्यो

C. दुबई

D. सियोल

**Important Facts:**

⭕ एशिया पैसिफिक सिटीज़ समिट 2025 (2025 APCS) का उद्घाटन 27 अक्टूबर 2025 को एक्सपो सिटी दुबई में हुआ, और यह कार्यक्रम 29 अक्टूबर 2025 तक आयोजित किया गया।

⭕ यह पहली बार है जब इस समिट का आयोजन मध्य पूर्व, अफ्रीका और दक्षिण एशिया क्षेत्र में किया जा रहा है।

⭕ इस शिखर सम्मेलन में दुनिया भर के 600 से अधिक शहरों से आए 15,000 से अधिक शहरी नेता, नीतिनिर्माता और नवप्रवर्तक शामिल हुए।

10. कोयला क्षेत्र में पारदर्शिता और डिजिटल शासन को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय कोयला और खान मंत्री ने कौन से दो डिजिटल प्लेटफॉर्म लॉन्च किए?

A. कोयला दृष्टि और खान सुगम

B. कोयला शक्ति डैशबोर्ड और क्लैम्प पोर्टल

C. खान डेटा पोर्टल और कोल ट्रैक सिस्टम

D. ई-कोल ऐप और माइनलिंक प्लेटफॉर्म

**Important Facts:**

⭕ डिजिटल परिवर्तन और पारदर्शी शासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने नई दिल्ली में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दो महत्वपूर्ण डिजिटल प्लेटफॉर्म - 'कोयला शक्ति डैशबोर्ड (KOYLA SHAKTI Dashboard)' और 'कोल लैंड एक्विज़िशन, मैनेजमेंट एंड पेमेंट (CLAMP) पोर्टल' का शुभारंभ किया।

⭕ यह पहल कोयला मंत्रालय की दक्षता, पारदर्शिता और डेटा-आधारित शासन की दिशा में एक और बड़ा कदम है।

**Today, Quiz:**

**Q. न्यायाधीश अरुण मोंगा किस हाईकोर्ट से ट्रांसफर होकर राजस्थान हाईकोर्ट आए हैं?**

(A) पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट

(B) दिल्ली हाईकोर्ट

(C) इलाहाबाद हाईकोर्ट

(D) बॉम्बे हाईकोर्ट

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

**GK Search Engine Mobile App**

🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷

💠 क्या मिलेगा? 👇 👇 👇 👇

✅ जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)

🎯 2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)

⬛ अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook

👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇 👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine